CMYK

# बेतवांचल



नवभारत

भोपाल, बुधवार 8 अप्रैल, 2026


# शहर की सियासत गरमाई, भाजपा-कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्षों का डेरा

**खास बातें**

- जहां कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने किसानों के मुददे को उठाया तो भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा युद्ध से पड़ रहा है असर
- दोपहर में पटवारी ने मंडी का दौरा कर किसानों से की चर्चा
- सीएम और केन्द्रीय मंत्री पर साधा निशाना, दागे सवाल
- शाम को आए प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने संगठन की मजबूती पर दिया जोर

नवभारत न्यूज

**विदिशा 7 अप्रैल, मंगलवार को शहर की सियासत में सुबह से शाम तक गरमाहट महसूस की गयी जहां दोपहर को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी अचानक से विदिशा आये जहां पर उन्होंने पहले कांग्रेस के नेताओं से चर्चा की. जिसके बाद वह सीधे मिर्जापुर कृषि उपज मंडी पहुंचे. वे जिस समय पहुंचे उस समय उपज की नीलामी चल रही थी. किसानों के बीच पहुंचकर जीतू पटवारी ने सीधे किसानों से मुखातिब होते हुये कहा कि क्या उनको उनकी उपज के दाम सही मिल रहे हैं जिस पर मंडी में मौजूद किसानों एक सुर में आवाज लगायी कि उनको मजबूरी में कम दामों पर अपनी उपज को बेचना पड़ रहा है कि इस बार सरकार ने समर्थन मूल्य पर खरीदी देरी से शुरू की है. जिसके चलते कम दाम पर उपज बेंचकर केसीसी को भरना पड़ रहा है.वहीं सीधे तौर पर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान पर निशाना साधते हुये कि कब तक किसानों की आखों में मिर्च झोंकते रहोगे. सीएम मोहन यादव और शिवराज सिंह किसान कल्याण वर्ष मनाने की बात करते हैं लेकिन यहां किसान शोषण वर्ष चल रहा है.**

## सरकार की नाकामी से किसानों को रहा नुकसान-पटवारी



पिछले दो दिन से किसानों की उपज के कम दाम को लेकर बवाल उठ रहा है. जहां किसानों ने उपज के कम दाम मिलने से सोमवार को मंडी के बाहर चक्काजाम कर दिया था तो वहीं मंगलवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी अपने साथियों के साथ अचानक से मिर्जापुर मंडी पहुंचे जहां पर उन्होंने सीधे किसानों से चर्चा कर उनकी उपज के मिलने वाले दामों की जानकारी ली. जहां मालूम चला कि किसानों की गेंहू की उपज को व्यापारी 2100 से 2300 के बीच खरीदा जा रहा है जिससे किसानों को एक क्विंटल पर सीधे सीधे 400 रुपए का नुकसान हो रहा है. समर्थन मूल्य पर गेंहू की देरी से खरीदी होने पर सीधे सरकार की नाकामी बताई कि सरकार ने जानबूझकर देरी से गेंहू की खरीदी देर से की है जिसके चलते किसान जरुरत पड़ने पर कम दाम पर अपनी उपज को बेंचने के लिए मजबूर हैं. आधे से किसान अपनी उपज कम दाम पर बेंच देंगे जिसके बाद सरकार खरीदी शुरू करेगी. वहीं समय पर वारदाने का इंतजाम न करने पर सरकार की नाकामी और नीयत पर भी सवाल जीतू पटवारी ने उठाए. मंडी में किसान की ट्राली पर बैठकर जीतू पटवारी ने सीधे किसानों से पूंछा कि कितने किसानों की उपज को 2100 से 2400 के बीच खरीदी जिस पर कई किसानों ने अपने हाथ खड़े कर दिए,

## किसानों के अन्न का एक-एक दाना तक खरीदेगी सरकार-खण्डेलवाल

**कॉलेज कर्मचारियों और किसानों की समस्याओं समाधान किया जायेगा**

एसएटीआई कॉलेज में वेतन समस्या एवं किसानों की उपज को मिल पर तौलने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर समाधान किया जाएगा. साथ ही किसानों से किए गए वादे के अनुसार गेहूं का समर्थन मूल्य बढ़ाकर 2700 रुपये प्रति क्विंटल तक करने की बात दोहराई.उन्होंने बताया कि उनका यह दो दिवसीय प्रवास 7 और 8 अप्रैल को रायसेन, विदिशा, मुरैना एवं भिंड जिलों में रहेगा.कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.



वहीं दोपहर शाम करीब 5 बजे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमन्त खण्डेलवाल अपने काफिले के साथ नगर पालिका के सामने स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे.हेमन्त खण्डेलवाल का विदिशा का यह पहला दौरा है. जब वह प्रदेश अध्यक्ष बने है. कार्यालय को बाहर भाजपा नेता, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार तरीके से स्वागत किया. इस दौरान पांचों विधायक मौजूद रहे. यहां पर खण्डेलवाल ने प्रेस से चर्चा के दौरान कहा कि सरकार किसानों का एक एक अन्न का दाना खरीदेगी. युद्ध के चलते वारदाने की दिक्कत आयी है. वहीं गैस सिलेण्डर की परेशानी कुछ दिनों की रही है. लेकिन अब हालात सामान्य हो गये हैं. कार्मशियल सिलेण्डर मिलने लगा है और 5 किलो वाला गैस सिलेण्डर सिर्फ परिचय पत्र दिखाकर मिला रहा है.उन्होंने स्थानीय मुददों पर उठे सवालों पर भी बेबाक तरीके से जबाव दिये. वहीं स्थानीय मामलों पर उन्होंने कहा कि जो मामले संज्ञान में लाये गये हैं उन पर चर्चा की जायेगी. वहीं विदिशा भोपाल रोड की खराब हालात पर हेमन्त खण्डेलवाल ने कहा कि इस मामले में सीएम से चर्चा करेंगे.

## भूमि अधिग्रहण पर उठे सवाल, कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** गंजबासौदा क्षेत्र के ग्राम पचमा के बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने प्रस्तावित रिंग रोड निर्माण को लेकर प्रशासन के खिलाफ अपनी आपत्ति दर्ज कराई . ग्रामीणों ने लिखित शिकायत सौंपते हुए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाया है.ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन द्वारा बनाई जा रही रिंग रोड पचमा गांव से होकर गुजर रही है, जिसके लिए करीब 51 किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई है . लेकिन इस संबंध में न तो किसानों को पूर्व सूचना दी गई और न ही विधिवत नोटिस प्रदान किया गया . सबसे बड़ी बात यह है कि अब तक प्रभावित किसानों को मुआवजा भी नहीं मिला है, जिससे उनमें आक्रोश बढ़ता जा रहा है .ग्रामीणों ने यह भी बताया कि गंजबासौदा रिंग रोड के पूरे प्रोजेक्ट में लगभग ढाई सौ से अधिक किसान प्रभावित हैं, जिन्हें अभी तक मुआवजा नहीं दिया गया है . ऐसे में कई किसानों के सामने आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है.

## अपर कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**विदिशा, विदिशा जिले में रबी उपार्जन कार्य को सुचारू एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर द्वारा विभिन्न उपार्जन केंद्रों एवं गोदामों का निरीक्षण किया गया . इस दौरान उन्होंने चना एवं मसूर उपार्जन के लिए संचालित पठारी केंद्र का जायजा लेते हुए वहां की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया.**



निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर ने संबंधित सोसायटी प्रबंधकों को निर्देशित किया कि किसानों से उपार्जन की प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा न हो . तौल, परिवहन, भंडारण एवं भुगतान से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित तरीके से सुनिश्चित की जाएं . उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्रों पर पारदर्शिता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है.श्री डामोर ने तारा गोदाम एवं एमएसडी गोदाम भादरबाड़ा का भी निरीक्षण किया . यहां भंडारित उपज की गुणवत्ता, सुरक्षा एवं रिकॉर्ड संधारण की स्थिति की समीक्षा की गई . उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गोदामों में साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं उचित रख-रखाव सुनिश्चित किया जाए .

# केंद्र घटने से बढ़ी भीड़ और इंतजार की चिंता

**आधे कर दिए समर्थन मूल्य खरीदी केंद्र, किसानों को गेहूं तुलाई को लेकर परेशानी**

नवभारत न्यूज

**शमशाबाद, तहसील क्षेत्र में इस वर्ष गेहूं खरीदी व्यवस्था किसानों के लिए बड़ी चुनौती बनती नजर आ रही है.समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए जहां वर्ष 2025 में 11 खरीदी केंद्र बनाए गए थे, वहीं वर्ष 2026 में इन्हें घटाकर केवल 5 कर दिया गया है. प्रशासन के इस निर्णय से किसानों में तुलाई को लेकर नाराजगी और चिंता दोनों बढ़ गई है.**

इस वर्ष वर्धा, भगवानपुर, बिछिया, पीपलधार और इमलिया जागीर में ही खरीदी केंद्र निर्धारित किए गए हैं . केंद्रों की संख्या आधी होने से इन स्थानों पर भारी भीड़ उमड़ने की आशंका है . ऐसे में किसानों को घंटों नहीं, बल्कि कई दिनों तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ सकता है.सबसे अधिक परेशानी दूरदराज के गांवों के किसानों को उठानी पड़ेगी . बीलखेड़ी, साढ़ेर और बाढ़ेर क्षेत्र के किसानों को लगभग 18 किलोमीटर दूर वर्धा तक गेहूं लेकर जाना पड़ेगा . इससे ट्रैक्टर-ट्रॉली का खर्च बढ़ेगा, साथ ही समय और श्रम की भी हानि होगी . छोटे और सीमांत किसानों के लिए यह स्थिति और अधिक कठिन साबित हो सकती है.कम खरीदी केंद्र होने का सीधा असर तुलाई की रफ्तार पर पड़ेगा. भीड़ और अव्यवस्था के चलते खरीदी प्रक्रिया धीमी हो सकती है, जिससे भुगतान में देरी की आशंका भी बढ़ गई है .

**मौसम खराब होने से फसल पर बना खतरा**

वहीं मौसम खराब होने या गेहूं लंबे समय तक खुले में पड़े रहने से फसल खराब होने का खतरा भी बना रहेगा.किसान संघ जिला मंत्री मनोहर सिंह राजपूत, जनपद कृषि सभापति गजेन्द्र सिंह राजपूत, नगर कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप रत्नाकर सहित अन्य किसानों ने शासन से खरीदी केंद्रों की संख्या बढ़ाने की मांग की है.उनका कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है.स्पष्ट है कि खरीदी केंद्रों में की गई यह कटौती किसानों के लिए राहत नहीं, बल्कि नई परेशानी बनकर सामने आई है.

# लायन क्लब की रीजन कॉन्फ्रेंस भूमि का आयोजन

**भव्यता, अनुशासन और आत्मीयता ने बनाया आयोजन को यादगार**

नवभारत न्यूज

**विदिशा, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक नगरी विदिशा में आयोजित लायंस क्लब की रीजन कॉन्फ्रेंस भूमि अपनी भव्यता, अनुशासन और आत्मीयता के कारण पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है . इस आयोजन की सफलता ने न केवल लायंस जगत में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, बल्कि विदिशा की मेजबानी की भी सराहना हो रही है.**

इस ऐतिहासिक सम्मेलन में लायंस क्लब के कई दिग्गज पदाधिकारी शामिल हुए . मुख्य अतिथियों में पीएमजेएफ लायन कुल भूषण मित्तल, एमजेएफ लायन प्रवीण वशिष्ठ, पीएमजेएफ लायन मनीष शाह, एमजेएफ लायन महेश मालवीय विशेष रूप से उपस्थित रहे . इसके साथ ही रीजन के समस्त लायन पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई .कॉन्फ्रेंस की शुरुआत अतिथियों के तिलक लगाकर और पारंपरिक स्वागत से हुई . कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन मुदित बंसल द्वारा अतिथियों पर की गई भव्य पुष्प वर्षा रही . जिस गर्मजोशी और सम्मान के साथ अतिथियों का अभिनंदन किया गया, उसने




उपस्थित सभी सदस्यों का दिल जीत लिया और इस कॉन्फ्रेंस को यादगार बना दिया .रीजन कॉन्फ्रेंस भूमि की अभूतपूर्व सफलता के पीछे लायन मुदित बंसल के कुशल मार्गदर्शन और लायंस क्लब सम्राट के साथ विदिशा के सभी क्लबों का भरपूर सहयोग रहा . आयोजन की बारीकियों पर ध्यान और टीम के समर्पण ने इस सम्मेलन को नई ऊँचाइयों पर पहुँचा दिया.इस अवसर पर विदिशा के गणमान्य स्वाभावियों का सम्मान पत्र द्वारा किया गया . बैनर प्रेजेंटेशन में लायंस क्लब सम्राट को बेस्ट बैनर प्रेजेंटेशन का अवार्ड मिला, वहीं क्लब के राजीव जैन को बेस्ट मैनेजमेंट अवार्ड से नवाजा गया.इस सफल आयोजन के लिए लायंस जगत के गणमान्य नागरिकों और शहरवासियों ने मुदित बंसल सहित पूरी लायन टीम को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं.

## पाठक न्यास के वार्षिक उत्सव का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**विदिशा, ख्यात गायक एवं अभिनेता स्व. पंडित गंगा प्रसाद पाठक के 50वें पुण्य स्मरण पर पाठक न्यास द्वारा दो दिवसीय वार्षिक उत्सव का शुभारंभ किया जा रहा है. इस आयोजन के अंतर्गत आज शाम शास्त्रीय संगीत की विशेष प्रस्तुति आयोजित होगी, जबकि 11 अप्रैल को नाटक का मंचन किया जाएगा.**

कार्यक्रम में ग्वालियर घराने की सुप्रसिद्ध गायिका श्रीमती सुलेखा भट्ट भोपाल एवं यशवंत शर्मा विदिशा द्वारा शास्त्रीय गायन प्रस्तुत किया जाएगा. संगत में तबले पर आकाशवाणी एवं दूरदर्शन से जुड़े प्रथम श्रेणी के तबला वादक डॉ. अशेष उपाध्याय एवं श्री शशिकांत शर्मा रहेंगे, वहीं हारमोनियम पर मध्य प्रदेश के सूचना आयुक्त श्री राजेश भट्ट एवं पंडित नीलेश तिवारी संगत करेंगे.

यह कार्यक्रम शाम 7 बजे स्थानीय माहेश्वरी धर्मशाला सिटी कोतवाली तलैया के पीछे में आयोजित किया जाएगा. पाठक न्यास के कार्यकारी अध्यक्ष श्री गोविंद देवलिया, कोषाध्यक्ष श्री भरत लढ्ढा, सचिव श्री सुनील जैन एवं सह सचिव श्री अरविंद द्विवेदी सहित न्यास के अन्य पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक संख्या में श्रोताओं से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है. न्यास से जुड़े बृजकिशोर गोयल, प्रकाश पाठक, डॉ. सुरेश गर्ग, सुदिन श्रीवास्तव, अनंत सिंह, प्रो. जे.एस. चौहान, प्रो. मनमोहन मेहता, प्रो. के.के. पंजाबी एवं डॉ. नीरज शक्ति सहित कई गणमान्य नागरिक आयोजन में सहभागिता करेंगे.

## वेतन न मिलने से हड़ताल पर बैठे पॉलिटेक्निक कॉलेज के कर्मचारी, जीतू पटवारी से लगाई गुहार

नवभारत न्यूज

**विदिशा .** पॉलिटेक्निक कॉलेज के व्याख्याता और कर्मचारी पिछले 7 माह से वेतन न मिलने से परेशान होकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं . इसी सिलसिले में वे विदिशा सर्किट हाउस पहुंचकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी से मिले और अपनी समस्या से अवगत कराया.कर्मचारियों ने बताया कि समय पर ग्रांट न मिलने के कारण वेतन नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनके परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है. उन्होंने शीघ्र समाधान की मांग की.इस पर जीतू पटवारी ने आश्वासन दिया कि वे इस मुद्दे को ज्योतिरादित्य सिंधिया तक पहुंचाकर जल्द निराकरण कराने का प्रयास करेंगे . साथ ही चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस इस मुद्दे पर आंदोलन करेगी .


विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे आनंद लीजिए.


## मोहनपुरा के कृषक ने पेश की मिसाल, नरवाई न जलाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** विदिशा जिले में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अंशुल गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे नरवाई प्रबंधन अभियान के सकारात्मक परिणाम परलिक्षत हो रहें हैं। इसी क्रम में विकासखंड नटेरन की ग्राम पंचायत मोहनपुरा के कृषक श्री रामबाबू धाकड़ ने अपने खेत में नरवाई को जलाने के बजाय वैज्ञानिक तरीके से उसका प्रबंधन कर एक सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है.अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री अजय प्रताप सिंह पटेल एवं प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री जगदीश गुर्जर की उपस्थिति में कृषक श्री धाकड़ द्वारा गेहूं की फसल कटाई के बाद शेष अवशेषों का उचित प्रबंधन किया गया. इस पहल से न केवल ग्राम पंचायत स्तर पर बल्कि पूरे जिले में उन्नत एवं पर्यावरण अनुकूल खेती का संदेश प्रसारित हुआ है.कृषक श्री धाकड़ ने बताया कि उन्हें यह प्रेरणा कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषि रथ, विकसित कृषि संकल्प अभियान तथा समय-समय पर आयोजित नरवाई प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रमों से मिली.उन्होंने नरवाई न जलाकर भूमि की उर्वरता बनाए रखने एवं प्रदूषण नियंत्रण में योगदान देने का कार्य किया है.

## जल संरक्षण को जनांदोलन बनाने की दिशा में बहु-विभागीय प्रयास

नवभारत न्यूज

**विदिशा.**जल संकट से निपटने और भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल स्रोतों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान को प्रदेश में व्यापक जनभागीदारी और बहु-विभागीय सहयोग के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है.अभियान के तहत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब, चेकडैम और जल संरचनाओं का निर्माण व मरम्मत कार्य किए जा रहे हैं, जबकि नगरीय विकास विभाग शहरों में नालों की सफाई और रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर कार्य कर रहा है.वन विभाग जल संरक्षण और भूजल संवर्धन में योगदान दे रहा है.जल संसाधन विभाग नहरों और सिंचाई संरचनाओं को मजबूत बना रहा है, वहीं पीएचई विभाग पेयजल आपूर्ति और जल गुणवत्ता सुनिश्चित कर रहा है . कृषि एवं उद्यानिकी विभाग सूक्ष्म सिंचाई और पौधरोपण को बढ़ावा दे रहे हैं . अभियान में सामाजिक सहभागिता बढ़ाने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं.

# जिला चिकित्सालय को तीन नए विशेषज्ञ डॉक्टरों की सौगात

**स्वास्थ्य सेवाएं होंगी और मजबूत, मरीजों को मिलेगा बेहतर उपचार**

नवभारत न्यूज

**विदिशा . जिला चिकित्सालय को स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने के लिए तीन नए विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति मिली है . इससे जिले के मरीजों को अब बेहतर एवं विशेषज्ञ उपचार की सुविधा मिल सकेगी.**

नवीन नियुक्तियों में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि दिवाकर, पैथोलॉजिस्ट डॉ. राजेंद्र कुशवाह तथा एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. अंकित श्रीवास्तव शामिल हैं . इन तीनों विशेषज्ञों के जुड़ने से अस्पताल की चिकित्सा सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद जताई जा रही है .विशेष रूप से हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि दिवाकर, जो गंज बासौदा (जिला विदिशा) के निवासी हैं, ने विदिशा की जनता की सेवा के उद्देश्य से नीमच शासकीय मेडिकल कॉलेज में सहायक प्राध्यापक का पद छोड़कर जिला चिकित्सालय में अपनी सेवाएं देना स्वीकार किया है .

उनके इस निर्णय को स्थानीय स्तर पर सराहनीय कदम माना जा रहा है .अब हड्डी एवं जोड़ संबंधी समस्याओं के इलाज के लिए मरीजों को बाहर जाने की आवश्यकता कम पड़ेगी और जिला अस्पताल में ही बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी . साथ ही, पैथोलॉजी सेवाओं के मजबूत होने से जांच प्रक्रिया अधिक सटीक और तेज होगी . एनेस्थीसिया विशेषज्ञ की उपलब्धता से ऑपरेशन और आपातकालीन सेवाएं भी अधिक सुरक्षित एवं प्रभावी बनेंगी.अस्पताल प्रबंधन एवं स्थानीय नागरिकों ने इन विशेषज्ञ डॉक्टरों के आगमन का स्वागत करते हुए इसे जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है .

**संगोष्ठी** — सेंट मैरी पीजी कॉलेज में स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम, विशेषज्ञों ने दिए उपयोगी सुझाव

# उपचार से बेहतर बचाव पर विश्व स्वास्थ्य दिवस संगोष्ठी आयोजित

नवभारत न्यूज

**विदिशा**, स्थानीय सेंट मैरी पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर उपचार से बेहतर बचाव विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम संस्था संचालक फादर सिंटो वर्गीज एवं प्राचार्य डॉ धीरेंद्र सचान की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ. मुख्य वक्ता के रूप में जिला चिकित्सालय के ओरल मैक्सिलोफेशियल सर्जन डॉ दीपक खरेलिया उपस्थित रहे.कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, ईश्वरी वंदना, स्वागत




गीत एवं लक्ष्य गीत के साथ हुआ. स्वयंसेविका रागिनी ने स्वास्थ्य पर आधारित स्वरचित कविता प्रस्तुत कर सभी का ध्यान आकर्षित किया.प्राचार्य डॉ धीरेंद्र सचान ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के शरीर की अपनी कार्यप्रणाली होती है और यदि हम अपने खान-पान एवं दिनचर्या पर ध्यान दें तो बीमारियों से बचा जा सकता है. उन्होंने कहा कि सही जीवनशैली अपनाने से डॉक्टर के पास जाने की जरूरत कम हो जाती है.मुख्य वक्ता डॉ दीपक खरेलिया ने प्रिवेंशन इज बेटर दैन क्योर का संदेश देते हुए कहा कि शरीर स्वयं को स्वस्थ रखने की क्षमता रखता है और दवाएं केवल सहायक भूमिका निभाती हैं. उन्होंने जंक फूड से बचने, संतुलित आहार लेने, पर्याप्त नींद लेने तथा भोजन के बाद कम से कम 1000 कदम चलने की सलाह दी. साथ ही दांतों की देखभाल से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी पीपीटी के माध्यम से साझा की.कार्यक्रम का संचालन कु. पलक वानितकर ने किया. स्वागत उद्बोधन कार्यक्रम अधिकारी प्रो अरविंद द्विवेदी एवं आभार प्रदर्शन प्रो दीपा राठौर द्वारा किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में राहुल, अरविंद, आनंद, रागिनी, अंशिका एवं यशी का विशेष योगदान रहा.इस अवसर पर सिस्टर प्रभावती, डॉ सुनील दुबे, प्रो सचिन अग्रवाल, प्रो मनीष आचार्य, डॉ संजना, प्रो अजय, प्रो राजेश, डॉ गिरीश सुर्जन सहित लगभग 85 स्वयंसेवक उपस्थित रहे.